...ते में लिए युवकों को दिल्ली ले
...नआईए मुख्यालय में होगी पूछताछ

...की टीम करीब आठ-दस गाड़ियों ...चार बजे पहुंची। सुबह 6.20 बजे अपनी कार्रवाई पूरी कर रवाना हो ...दशहर के कलौली गांव में यह

सबसे ज्यादा वक्त तक कार्रवाई चली। यहां अटसैनी और बदरखा गांव से उठाए गए तीन संदिग्ध युवकों से गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली में शाम चार बजे तक एनआईए ने पूछताछ की। दरअसल, सुबह चार बजे का वक्त कार्रवाई के लिए मुफीद माना जाता है। अफसरों का मानना है इस वक्त लोग गहरी नींद में होते हैं।

सुबह साढ़े चार बजे सत्तार को लेकर एनआईए ने जिसौरा गांव में उसके घर पर दबिश दी। अलमारी, संदूक, बेड, कमरे, छत आदि की छानबीन की। संदूक से कुछ दस्तावेज हासिल किए। सूत्रों ने बताया कि पूर्व में पकड़े गए संदिग्ध आतंकियों के मोबाइल से अब्दुल सत्तार के बारे में जानकारी

एनआईए टीम यहां से सुबह करीब साढ़े छह बजे दिल्ली लौट गई। बताया जा रहा है कि अब्दुल सत्तार से पूछताछ में कई अहम जानकारी हासिल लगी। जिसके बाद एनआईए ने उसे साथ लेकर हापुड़ के बदरखा और अटसैनी गांव में कई ठिकानों पर दबिश देकर तीन युवकों को उठाया।

# ...मदरसे के छात्र को हिरासत में लिया


गुरुवार को अमरोहा के बांसखेड़ी में छापे के बाद गुफरान के परिजन।

## मुरादाबाद : मदरसे के प्रबंधकों से जानकारी ली

मुरादाबाद। एनआईए की टीम ने मुरादाबाद में मुगलपुरा थाना क्षेत्र के बर्तन बाजार स्थित शाही मदरसा और कटघर में भोर में छापा मारा। एनआईए की टीम ने शाही मदरसे के प्रबंधकों से गुफरान के बारे में जानकारी हासिल की। गुफरान शाही मदरसे में चार साल तक पढ़ाई कर चुका है। एनआईए की टीम के बारे में किसी तरह की बात करने से इनकार कर दिया।।

बाद से ही एनआईए का जांच का दायरा बढ़ता ज रहा है।

एनआईए की टीम ने एक बार फिर जिले में छापेमारी की। नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बांसखेड़ी में एनआईए ने हिरासत में लिए गए संदिग्ध मदरसा छात्र गुफरान के घर छापा मारा। एनआईए व एटीएस की टीम तड़के चार बजे 11 गाड़ियों में सवार होकर बांसखेड़ी गांव पहुंच गई। टीम अपने साथ हिरासत में लिए गए गांव के गुफरान को लेकर आई थी।

गुफरान के घर टीम साढ़े आठ बजे तक रही। इस दौरान घर का एक-एक सामान चेक किया गया। कोने-कोने में तलाशी ली गई। बाद में गुफरान के पिता जुबैर व छोटे भाई बिलाल का मोबाइल एनआईए ने जब्त कर लिया।

# हापुड़: तीन हिरासत में, पूछताछ कर छोड़ा

हापुड़ | वरिष्ठ संवाददाता

एनआईए, एटीएस तथा सीआरपीएफ की टीम ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर कोतवाली गढ़ के गांव अठसैनी तथा बदरखा में गुरुवार की सुबह छापामार कार्रवाई की। दोनों स्थानों पर घरों ...दो घंटे की तलाशी के दौरान सामान बरामद करने के बाद एक युवक समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

शाम के समय एनआईए की टीम ने पूछताछ के बाद तीनों को छोड़ दिया। 26 दिसंबर 2017 को देश की राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी द्वारा आईएसआईएस मॉड्यूल आतंकी संगठन का खुलासा करते हुए अमरोहा से सुहैल तथा हापुड़ से साकिब को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद से आतंकी गतिविधियों में लिप्त युवकों की तलाश में एनआईए के वेस्ट यूपी के जनपदों में छापे लगातार जारी है। इसी क्रम में गुरुवार सुबह करीब चार बजे कोतवाली गढ़ के गांव अठसैनी तथा बदरखा में छापा मारा।

## बुलंदशहर

### मोबाइल व 6 हजार रुपये के चक्कर में फंसा हबीब

एक मोबाइल और छह हजार रुपये का चक्कर गांव कलौली के हबीब को भारी पड़ गया। परिजनों की मानें तो हबीब को सऊदी अरब से लौटने के दौरान वहां कार्यरत किसी व्यक्ति ने अपने परिचित को देने के लिए एक मोबाइल और रुपये दिए थे। हबीब के गांव कलौली आने के दो-तीन दिन बाद दो लोग उसके घर पहुंचे और मोबाइल-रुपये लेकर चले गए।

### 25 साल सऊदी अरब रह चुका है हबीब

एनआईए की गिरफ्त में आया हबीब करीब 25 साल तक सऊदी अरब में काम कर चुका है। करीब छह माह पहले सऊदी अरब से लौटने के बाद अब हबीब गांव में घर के बाहर दुकान कर रहा है। हबीब के अलावा उसके अन्य पांच भाई भी कई बार सऊदी अरब में नौकरी कर चुके हैं।

### चार घंटे तक खंगाला घर, गांव की घेराबंदी

दिल्ली से आई एनआईए टीम ने चार घंटे तक कलौली में हबीब का घर खंगाला। हबीब के घर को जाने वाली गलियों सहित गांव की पुलिस फोर्स ने घेराबंदी कर दी। ग्रामीणों की मानें तो फजर की नमाज अदा करने के लिए जाने वालों को भी रोक दिया।

हिन्दुस्तान 4.02.2019


...ठ सचिवालय
...ल्ली - 110054
...ायं 4:30 बजे राज
...ाउंसिल फॉर चाइल्ड
...) द्वारा सम्मानित
अभिनन्दन समारोह
...द्द किया जाता है।

रेल विकास निगम लिमिटेड
Rail Vikas Nigam Limited
(A Government of India Enterprise)
रेल विकास निगम लिमिटेड के कारपोरेट कार्यालय के लिये एक अनुभवी पूर्णकालिक
कंपनी सचिव
की आवश्यकता है, जिसका विस्तृत विवरण
www.rvnl.org>career opportunities
पर उपलब्ध है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15.02.2019 है।
समूह महाप्रबंधक (मानव सं०).
फोन : 011-26738299

मुंजाल शोवा लिमिटेड
सीआईएन: L34101HR1985PLC020934
पंजीकृत कार्यालय एवं वर्क्स: 9-11, मारूति इंडस्ट्रियल एरिया, सैक्टर 18, गुरूग्राम-122015 (हरियाणा) फोन: +91-124-4783000
ई-मेल: pgupta@munjalshowa.net; वेबसाईट: www.munjalshowa.net
सूचना
भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सुचियन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक सोमवार, 4 फरवरी, 2019 को आयोजित की जाएगी जिसमें, अन्य विषयों के अतिरिक्त, कम्पनी के 31 दिसम्बर, 2018 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं उन्हें अनुमोदित किया जायेगा।
सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.munjalshowa.net एवं बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया लिमिटेड (www.nseindia.com) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।
मंडल के आदेश से
मुंजाल शोवा लिमिटेड हेतु
हस्ता./-
(योगेश चन्दर मुंजाल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 17 जनवरी 2019